**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 12.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- दिल्ली विस्फोट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा साज़िश रचने वालों को सजा जरूर मिलेगी।
- राजधानी दिल्ली में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए बढ़ाई गई सतर्कता। यात्रियों को समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई।
- मध्योत्तर अंडमान में मत्स्य क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुभाषग्राम में नवीन शीतगृह इकाई का उद्घाटन किया गया।
- विश्व निमोनिया दिवस पर बाल स्वास्थ्य पर केन्द्रित ''सांस'' अभियान आज से शुरू।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर वांगचुक ने कल दिल्ली विस्फोट की घटना में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान से कहा कि इसके पीछे के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम के मंच से कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और निर्दोषों लोगों को न्याय दिलाया जाएगा।

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भी दिल्ली में लाल किले के पास हुई घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने घायल पीड़ितों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

<><><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दिल्ली विस्फोट की घटना में शामिल सभी लोगों को जांच एजेंसियों की कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। गृह मंत्री ने कल शाम नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कहा है कि सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन बृहस्पतिवार तक यात्रियों के लिए बंद रहेगा। उसने कहा कि अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से चल रहे हैं।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इससे वहाँ सुरक्षा जांच में सामान्य से अधिक समय लग रहा है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड–डीआईएएल ने यात्रियों को परामर्श जारी करके कहा है कि वे इसी अनुसार यात्रा पर निकलने की योजना बनाएं और अंतिम समय में किसी भी असुविधा से बचने के लिए समय से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें।

<><><><><><><><>

सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली–एनसीआर और पुलवामा में पिछले कुछ दिनों में कई स्थानों पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। सूत्रों ने बताया कि इस महीने की 9 और 10 तारीख को हरियाणा के फरीदाबाद में की गई छापेमारी में सुरक्षा एजेंसियों ने लगभग 3 हज़ार किलोग्राम विस्फोटक, डेटोनेटर, टाइमर और बम बनाने की अन्य सामग्री बरामद की और उन्हें ज़ब्त कर लिया। माना जा रहा है कि बढ़ते दबाव की वजह से संदिग्धों ने दिल्ली कार बम कांड जैसा कदम उठाया।

<><><><><><><><>

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कल दिल्ली कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की। घटना में डॉक्टरों की कथित संलिप्तता पर प्रतिक्रिया में एसोसिएशन ने चिकित्सा जगत के किसी भी सदस्य की ऐसी हिंसक और राष्ट्र–विरोधी गतिविधि की स्पष्ट रूप से निंदा की।

<><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने डिगलीपुर के सुभाष ग्राम में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 'पोस्ट–हार्वेस्ट एंड कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर' के अंतर्गत निर्मित नवीन शीतगृह इकाई का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, डिगलीपुर के सहायक आयुक्त अभिषेक गुलिया, मत्स्य उप–निदेशक  तपन कुमार बिस्वास, मछुआरे और संबंधित हितधारक उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को इस योजना का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया।

<><><><><><><>

विश्व निमोनिया दिवस आज मनाया जा रहा है। बाल निमोनिया से बचाव हेतु 'सांस' अभियान आज से आगामी 28 फरवरी तक चलेगा। नारा है – "निमोनिया नहीं, तो बचपन सही।" इसके तहत एएनएम और आशा कार्यकर्ता समुदाय को उपचारों के बारे में जागरुक करेंगे।

<><><><><><><>

विशेष गहन पुनरीक्षण–2025 के तहत दक्षिण अंडमान के सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। नागरिक सुबह 8:30 बजे से किसी भी दिन इन केंद्रों पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कृषि निदेशालय और ग्रामीण विकास विभाग 14 से 23 नवम्बर तक सरस मेला 2025 का आयोजन करेगा। इस अवसर पर 20 नवम्बर को पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता होगी। इसमें ताजे व सूखे पुष्प सज्जा, फ्लैट बुके, माला एवं रंगोली जैसी श्रेणियाँ रखी गई हैं। आवेदन 15 नवम्बर तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का आयोजन 14 से 20 नवम्बर तक राज्य पुस्तकालय में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 14 नवम्बर को शाम 4 बजे किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न आयु वर्ग के पाठकों के लिए जीवनी, उपन्यास, प्रतियोगी परीक्षा गाइड और बाल साहित्य सहित विविध पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड, हम्फ्रीगंज ग्राम पंचायत के सहयोग से 15 नवम्बर को सुबह 10 बजे क्षेत्र के पंचायत भवन में निर्माण श्रमिकों के लिए जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित करेगा। शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा मौके पर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी।

<><><><><><><>

आदिबसेरा में जनजातीय स्वास्थ्य एवं कल्याण पर केंद्रित आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वैशाली ने परामर्श एवं निःशुल्क औषधि वितरण किया। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. नंदिनी ने 'स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक पद्धति' पर जानकारी दी। योग प्रशिक्षिका वीनू ने तनाव मुक्त जीवनशैली के बारे में बताया। शिविर में कुल 17 जनजातीय लाभार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत फरारगंज में सामुदायिक विकास खंड द्वारा कल 'ग्रामीण युवाओं व पंचायत प्रतिनिधियों के बीच तालमेल' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खादी बोर्ड के राकेश कुमार ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। ग्रामीण विकास निदेशालय की दीपा बिस्वास ने सहभागिता एवं टीम निर्माण के बारे में चर्चा की।

<><><><><><><>